Title: Re: Issue of Illegal sand mining in Odisha.

श्रीमती अपराजिता सारंगी (भुवनेश्वर): सभापति जी, मैं ओडिशा राज्य के भुवनेश्वर संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करती हूं और अपने क्षेत्र के एक अति महत्वपूर्ण मुद्दे को लेकर आपके समक्ष बोलने के लिए खड़ी हुई हूं । मेरे संसदीय क्षेत्र में जयदेव नामक विधान सभा है । उस विधान सभा में राज्य सरकार के सहयोग से बालू माफिया काम कर रहे हैं । बालू खनन का काम चल रहा है । जब अभियोग आया तो मैं गई और मैंने तहकीकात की । मैंने उस बात को सत्य पाया । उसके बाद मैंने लिखित अभियोग भी दिया है ।? (व्यवधान)

श्री अनुभव मोहंती : महोदय, यह राज्य का विषय है ।? (व्यवधान)

माननीय सभापति : आप बैठ जाएं । अनुभव जी, यह बताना आपका काम नहीं ।

? (व्यवधान)

श्रीमती अपराजिता सारंगी: महोदय, बालू खनन की वजह से इस विधान सभा में नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है । लोगों का जन-जीवन प्रभावित हो रहा है । रोड़, ब्रिज टूटने के कगार पर हैं और इस वजह से मैं आपके माध्यम से भारत सरकार के पर्यावरण मंत्रालय और नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल को अनुरोध करना चाहूंगी कि एक टीम भेजी जाए, जो अनुसंधान करे । राज्य सरकार बालू माफिया के विरुद्ध कार्यवाही शुरू करे । मैंने इसके लिए लिखित अभियोग भी दिया है । धन्यवाद ।